उत्तरित

## कार्रवाई करना

*184. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखण्ड स्थित मध्य विद्यालय रजौड़, उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी शर्तों को पूरा करती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय से 8 कि०मी० की दूरी पर उच्च विद्यालय अवस्थित है, जिससे उक्त विद्यालय के अध्ययनरत छात्र आगे की शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गरीब छात्र-छात्राओं के हित में उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्तरित

## पूर्ण कराना

*185. श्री मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसवा प्रखण्ड के कसवा हाई स्कूल को वर्ष 2006 में उत्क्रमित कर 10+2 की पढ़ाई की व्यवस्था करने का सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था तथा भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये की स्वीकृति वर्ष 2007 में दी गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन का निर्माण कार्य जुलाई, 2007 में शुरू किया गया, लेकिन अभीतक अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरा भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्तरित

## उत्क्रमित करना

*186. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत रा०प्रा० विद्यालय भागीरथ पट्टी में 250 से अधिक छात्र/छात्राएं हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के 3 किलोमीटर के परिधि में कोई मध्य विद्यालय अवस्थित नहीं है, जिसके कारण उक्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्तरित

## निर्माण कराना

*187. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत खिजर सराय प्रखण्ड के म० वि० होरमा, म० वि०, बिन्दौल में मात्र दो कमरा है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे शिक्षण कार्य बाधित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्तरित

## भवन का जीर्णोद्धार

*188. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखण्ड के नीना सिन्हा कन्या उच्च विद्यालय मंझौलिया के भवन जर्जर अवस्था में है, जिससे अध्ययनरत छात्राओं को जान-माल की खतरा व्याप्त रहती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*189. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिले के नीमचक बथानी प्रखण्ड में मध्य विद्यालय बन्दी, मध्य विद्यालय कारू बिगहा, अतरी प्रखंड में मध्य विद्यालय भीठरा, मध्य विद्यालय नरावट एवं खिजर सराय प्रखण्ड में मध्य विद्यालय सिसवर तथा मध्य विद्यालय, बिन्दौल के लगभग पांच किलोमीटर की परिधि में उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे यहां की छात्र-छात्राओं को माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रहना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

नियुक्ति करना

*190. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 जनवरी, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''इंजीनियरिंग कॉलेजों में शिक्षकों का टोटा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में छः इंजीनियरिंग कॉलेजों में शिक्षकों के 427 सृजित पदों में से मात्र 152 शिक्षक ही कार्यरत हैं, जिसकी वजह से छात्रों का शिक्षण कार्य समुचित ढंग से संचालित नहीं हो पा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षकों की अनुपलब्धता की वजह से छात्रों की पढ़ाई पूर्ण नहीं हो पाती है जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वीकृत पदों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*191. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत सिंधवलिया प्रखण्ड एवं बैकुण्ठपुर प्रखण्ड से होकर धोबारी नदी बहती है जिसका पानी प्रदूषित हो गया है जिसके पीने से पशु-पक्षी मर रहे हैं तथा खेतों में पानी जाते ही फसलें सूख जाती है जिसके कारण उपरोक्त दोनों प्रखण्डों में नदी के अगल-बगल बसे गांवों की आबादी बुरी तरह कुप्रभावित हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर इस संबंध में उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*192. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग ने अपने पत्रांक 2176, दिनांक 6 जून, 2009 द्वारा मधुबनी जिला के अंधराठाडी प्रखण्ड के रूद्रपुर में संस्कृत मध्य विद्यालय खोलने हेतु सचिव, संस्कृत शिक्षा बोर्ड को आदेश दिया था, परन्तु इस संबंध में अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि सितम्बर, 2009 में रूद्रपुर के ग्रामीण जनता ने सचिव, संस्कृत शिक्षा बोर्ड से मिलकर एक आवेदन दिया कि राज्य सरकार के स्वीकृतोपरान्त ग्रामीण जनता द्वारा उक्त विद्यालय हेतु जमीन भी उपलब्ध करा दिया जायेगा, जिसका रिसीट सं०232 है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रूद्रपुर में कबतक संस्कृत मध्य विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा बहाल करना

*193. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के ऊँकार नाथ 10+2 उच्च विद्यालय बिरौल, भगवान दत्त यादव 10+2 विद्यालय पौहदी, तथा 10+2 उच्च विद्यालय, शिवनगर घाट में दलित-महादलित छात्रावास भवन की हालत काफी जर्जर है, एवं अवांछित लोगों का कब्जा है, जिससे दलित एवं महादलित छात्र, छात्रावास की सुविधा से वंचित हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में दलित एवं महादलित छात्रावास भवन की मरम्मती कर अवांछित लोगों को हटाकर छात्रावास की सुविधा बहाल कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*194. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के के० नगर प्रखण्ड अधीन जगनी पंचायत के कटहा चौरी परती मुसहरी टोला तथा जगनीसी टोला एवं धमदाहा प्रखण्ड के कुआँड़ी पंचायत के सतमी विन्द टोली में प्राथमिक विद्यालय नहीं है जिसके कारण महादलित एवं अतिपिछड़ा समाज के छात्र प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों में प्रा० विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा देना

*195. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक नियोजन एवं सेवा शर्त नियमावली, 2006 के अनुसार पंचायत शिक्षक का पद अस्थानान्तरणीय है, जबकि अनेक अविवाहित महिला पंचायत शिक्षिकाओं की शादी दूसरे प्रखण्ड, अनुमंडल और जिला में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में पदस्थापित युवकों से हो गई है, इन महिला पंचायत शिक्षिकाओं को अपने पति से अलग रहने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार महिला पंचायत शिक्षिकाओं को स्थानान्तरण की सुविधा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

हस्तान्तरित कराना

*196. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कहलगांव एस०एस०बी० कॉलेज में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण कार्य वर्ष 2008 में ही पूरा हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले ढ़ाई वर्षों से इस निर्मित छात्रावास को विभागीय पदाधिकारी की लापरवाही के कारण महाविद्यालय को नहीं सौंपे जाने के फलस्वरूप भवन के पंखें, खिड़कियां, किवाड़ी, प्लास्टर आदि असामाजिक तत्वों के द्वारा उखाड़ लिये गये हैं एवं चोरी भी कर लिए गए हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अनुसूचित जातियों के लिए बने इस छात्रावास को विभाग द्वारा पुनः मरम्मती करवाकर कबतक हस्तांतरित करना चाहती है ?

--------

पदस्थापन करना

*197. श्री सतीश चंद्र दुबे--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखण्ड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का एक पद स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पद मई, 2010 से रिक्त है, जिसका अतिरिक्त पदभार अंचलाधिकारी, नरकटियागंज के पास है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पद पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*198. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार— क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि ट्रान्सपोर्टरों द्वारा बरती जाने वाली अनियमितता की जांच कर रोक लगाने हेतु राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अपर परिवहन आयुक्त के नेतृत्व में विशेष उड़नदस्ता का गठन वर्ष 2009 में किया गया जिसका मुख्यालय गया में बनाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मंत्रिमंडल द्वारा मुख्यालय गया बनाये जाने के बावजूद वर्ष 2009 से ही परिवहन आयुक्त के द्वारा उड़नदस्ता का मुख्यालय राज्य सचिवालय निर्धारित कर दिया गया है जिसके कारण ट्रान्सपोर्टरों की अनियमितता पर रोक लगाना संभव नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस तरह की अनियमितता बरतने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

लाभ देना

*199. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1)क्या यह बात सही है कि इंदिरा ग्रामीण राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजनान्तर्गत बी०पी०एल० परिवार के 65 साल से अधिक उम्र के सदस्य को 200 रु० प्रतिमाह पेंशन दी जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के मानक अनुरूप बेगूसराय जिलान्तर्गत अनुमंडलाधिकारी, बेगूसराय द्वारा रामदुलारी देवी, पति ढोगल दास क्रम सं० 139/09-10, ओदुलवा देवी पति जेठु दास क्रम सं० 140/09-10 एवं खखरी देवी, पति धुरन दास क्रम सं० 126/09-10 सभी पो०-केशावे पेंशन स्वीकृति 1 जून, 2009 को दी गई लेकिन स्वीकृति उपरांत भी उक्त लाभार्थी आजतक लाभ से वंचित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विलंब के कारणों का जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लाभार्थी को लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

निर्माण कराना

*200. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला में तकनीकी शिक्षा के लिए एक भी संस्थान नहीं है जिससे उक्त क्षेत्र के छात्र तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते है, यदि हां, तो क्या सरकार अरवल में पोलिटेकनीक कॉलेज का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

छात्रावास की मरम्मती

*201. श्री कृष्णनंदन पासवान—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के गाँधी उच्च विद्यालय में अनुसूचित जाति छात्रावास काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँधी उच्च विद्यालय हरसिद्धि के छात्रावास की मरम्मती का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

उत्क्रमित करना

*202. श्री कुमार शैलेन्द्र— क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के लोकमानपुर पंचायत के लोकमानपुर ग्राम में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को कोशी नदी पार कर 12 कि०मी० दूर उच्च विद्यालय, खरीक जाना पड़ता है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को ड्रॉप आऊट 90 प्रतिशत तक पहुंच गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय लोकमानपुर को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का प्रस्ताव दो वर्ष से विभाग में विचाराधीन है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय लोकमानपुर को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

लाभ देना

*203. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह— क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा कबीर अन्त्येष्टि योजना के माध्यम से बी०पी०एल० परिवार के किसी सदस्य के मृत्युपरांत दाह संस्कार वास्ते 1500 रु० नगद राशि दी जाती है;

(2) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मटिहानी विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत राम प्यारी देवी, पति स्व० दोरिक पासवान, पंचायत गोरगामा 19 जनवरी, 2011, रीना देवी पति मोगल दास, पंचायत सोनापुर 8 जनवरी, 2011, छोहाड़ा देवी पति सीताराम पासवान, पंचायत बहदरपुर 7 नवम्बर, 2010, विशुनदेव दास, पे० विनोद कुमार दास, पंचायत मनियप्पा 22 सितम्बर, 2010, निरंजन साव पे० पुकार साव पंचायत शाहपुर 15 जनवरी, 2010, राम दरेशी देवी पति स्व० सुखदेव राम, पंचायत उलाव 11 जनवरी, 2011, सुवालाल ठाकुर, पे०–सुदिष्ठ ठाकुर, पंचायत पचम्बा 25 दिसम्बर, 2010 एवं सोमर रजक पे० साहेब रजक, पंचायत सोनापुर 4 जुलाई, 2009 की मृत्यु हो गई, लेकिन लाभार्थी परिवार के सदस्य को लाभ नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए लाभार्थी परिवार सदस्य को योजना का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

उत्क्रमित करना

*204. श्रीमती मुन्नी देवी— क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 5 कि०मी० के दायरे में कोई उच्च विद्यालय नहीं रहने पर मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने के लिए सरकार संकल्पित है;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड शाहपुर के मध्य विद्यालय जेवैनिया तथा बिहियां प्रखंड के मध्य विद्यालय कुंडेश्वर, मध्य विद्यालय घाघा एवं मध्य विद्यालय सिकरिया के 5 कि०मी० के दायरे में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है जिससे यहां के छात्र-छात्रा आगे की पढ़ाई छोड़ने के लिए विवश हो जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

भवन बनाना

*205. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के अंधराठाढी प्रखंड के रुद्रपुर में दो आंगनबाड़ी केन्द्र सं० 39 एवं 41 का भवन नहीं रहने के कारण आम जनता को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रुद्रपुर में उक्त दोनों आंगनबाड़ी केन्द्रों का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

लागू करना

*206. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उ० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 8 अगस्त, 2010 से 14 अगस्त, 2010 तक राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षकों द्वारा यू०जी०सी० के छठा वेतनमान को राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों पर लागू करने हेतु शिक्षकों द्वारा राज्यव्यापी हड़ताल किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अवधि में राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक संगठनों के बीच हुए समझौते में यह निर्णय लिया गया कि सितम्बर, 2010 से राज्य के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों को यू०जी०सी० का छठा वेतनमान दिया जायेगा, जो अभीतक नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों को छठा वेतनमान लागू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियोजित करना

*207. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज तथा पकरीबरावाँ प्रखंड में प्रखंड शिक्षक एवं पंचायत शिक्षक का नियोजन नहीं हुआ है, जिसके कारण वारिसलीगंज प्रखंड के उत्क्रमित म० विद्यालय झौर मोरचक, मसूदा प्राथमिक विद्यालय लीला विगहा मोसमा तथा पकरीबरावाँ प्रखंड के उत्क्रमित म० विद्यालय थालपोस, हथियरी कोनन्दपुर, छतरवार प्रा० विद्यालय कोनन्दपुर, मड़हल सहित सैकड़ों विद्यालय में शिक्षकों की कमी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार द्वितीय शिक्षक नियोजन में उक्त प्रखंडों में प्रखंड शिक्षकों एवं पंचायत शिक्षकों को नियोजित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*208. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, नि:शक्ता पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, लक्ष्मी बाई पेंशन इत्यादि की स्वीकृति अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि मढ़ौरा अनुमंडल में उक्त योजनाएं 2 वर्षों से लंबित है तथा एक भी आवेदकों को योजनाओं का लाभ नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मढ़ौरा अनुमंडल के उक्त योजनाओं को कार्यान्वयन नहीं करने वाले सक्षम पदाधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रोक लगाना

*209. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत खनन विभाग द्वारा लोहागढ़, चीर, सुखनिया, चान्दन, बडअरा, बेलहरना, गरमासन, गेरूआ आदि नदियों का बालू उठाव का डाक (मार्च, 2010) में की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि नदियों के बालू उठाव होने से नदियों का गहराई काफी बढ़ गई है जिससे नदी का जल स्तर काफी नीचे हो गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि नदियों के जल स्तर नीचे होने से किसानों को सिंचाई पटवन में काफी परेशानी हो रही है, जिससे अनाज पैदवार  का प्रतिशत कम हो रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कृषक हित एवं जनहित में खंड (1) में वर्णित नदियों का बालू उठाव पर रोक लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*210. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सभी प्रखंडों में स्टेडियम एवं खेल ग्राउण्ड बनाने का निर्णय वर्ष 2006 में लिया गया है, लेकिन प० चम्पारण जिला अंतर्गत मधुबनी में एक भी स्टेडियम नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत मधुबनी प्रखंड में मधुबनी पंचायत में स्टेडियम बनाने के लिए जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवंटित करना

*211. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2009-10 में पूरे प्रदेश में पहाड़ों से पत्थर उत्खनन हेतु नये भू-खण्डों का आवंटन पर रोक लगा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे प्रदेश में सड़कों का निर्माण में पत्थर नहीं मिलने से निर्माण कार्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेखपुरा जिला सहित पूरे प्रदेश में पहाड़ों को चिह्नित कर पत्थर उत्खनन हेतु नया भू-खंड आवंटित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*212. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड के 24 तथा घोड़ासहन प्रखंड के 17 नवसृजित प्राथमिक विद्यालय विगत तीन वर्षों से कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नवसृजित विद्यालयों को अपना जमीन भवन नहीं होने के कारण बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में नवसृजित प्रा० विद्यालयों के लिए जमीन की व्यवस्था कर विद्यालय भवन के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*213. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला में एक भी स्टेडियम नहीं है, जिससे उक्त क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा निखारने का मौका नहीं मिल पाता है, यदि हां, तो क्या सरकार जिला मुख्यालय, अरवल में एक स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*214. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों को दिनांक 1 जनवरी, 2006 से पुनरीक्षित वेतन के बकाये का भुगतान किये जाने हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक, गोपालगंज के पत्रांक 293, दिनांक 18 जून, 2010 द्वारा निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, बिहार से 5.45 करोड़ रुपये की मांग की गयी है, परंतु आजतक राशि उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों को बकाये का भुगतान नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार जिला शिक्षा अधीक्षक, गोपालगंज को वांछित राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

लागू करना

*215. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 17 अगस्त, 2010 को सरकार एवं बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के साथ लिखित समझौता हुआ है, जिसके अनुसार शिक्षकों की 8 दिनों की हड़ताल पढ़ाई की क्षतिपूर्ति की शर्त पर सामंजित करना है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त समझौते को लागू करने का विचार रखती है ?

---------

सरकारीकरण करना

*216. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखंड अन्तर्गत बरदेला उच्च विद्यालय तथा के० नगर प्रखंड के कामाख्या देवी उच्च विद्यालय, भवानीपुर (मजरा) वर्ष 1980 से उच्च शिक्षा हेतु कार्यरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों उच्च विद्यालयों के आस-पास एक भी हाई स्कूल नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए ये विद्यालय एक मात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने का केन्द्र है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों उच्च विद्यालयों का सरकारीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*217. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा0 शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में द्वितीय चरण शिक्षक नियोजन के तहत् उच्च एवं प्लस टू विद्यालयों में मार्च 2010 में पुस्तकालयाध्यक्षों का नियोजन किया गया, जो विद्यालयों में कार्यरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन पुस्तकालयाध्यक्षों से गत् 2010 के विधान-सभा चुनाव में भी कार्य लिया गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि ग्यारह माह से इनके मानदेय का भुगतान न होने के कारण इनके समक्ष भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इनके मानदेय का भुगतान करने का विचार रखती है ?

---------

मरम्मती कराना

*218. श्री अरूण शंकर प्रसाद --क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास ( मा0 शि0 ) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत ईश्वर सच्चिदानन्द उच्च विद्यालय, बासोपट्टी +2 में 2385 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं जिसके लिए छात्र के अनुपात में भवन का अभाव है साथ ही उक्त विद्यालय में अवस्थित छात्रावास भी जर्जर अवस्था में है तथा चहारदीवारी भी नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन तथा चहारदीवारी का निर्माण एवं छात्रावास की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विसंगति दूर करना

*219. श्री अनिल सिंह- क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग के कार्यालय आदेश सं0 30, दिनांक 5 जनवरी, 2009 एवं कार्यालय आदेश सं0 941, दिनांक 27 जुलाई, 2009 के द्वारा निदेशक (मा0 शि0) ने क्रमशः 11 एवं 6 निम्न अवर सेवा में नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति की तिथि से ही अवर शिक्षा सेवा में समायोजित करने का आदेश दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस समायोजन से विधिवत रूप में नियुक्त अवर शिक्षा सेवा के सैंकड़ों शिक्षक प्रभावित हुए हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पत्रांक के द्वारा समायोजित अवर शिक्षा सेवा के पदाधिकारियों को ज्ञापांक 788, दिनांक 11 मई, 2010 के द्वारा पत्र निर्गत की तिथि से वित्तीय लाभ देने का आदेश दिया गया, जबकि इन लोगों का वेतन भुगतान बिना विभागीय आदेश एवं अतिरिक्त आवंटन के नियुक्ति की तिथि से ही दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसके लिए दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा विधिवत रूप से नियुक्त शिक्षकों को विसंगति से बचाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---------

निर्माण कराना

*220. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड के गाँधी उच्च विद्यालय, हरसिद्धि एवं प्रजापति उच्च विद्यालय, कनछेदवा में चार-चार एकड़ जमीन है, फिर भी खेल-कूद हेतु स्टेडियम का अभाव है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*221. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सहार प्रखण्ड के सहार में एकमात्र प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय है, के भवन की स्थिति अत्यंत दयनीय है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त कन्या उच्च विद्यालय में छात्राओं को बैठने के लिए उपस्कर की काफी अभाव है एवं उच्च विद्यालय के परिसर बिल्कुल खुला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में भवन की मरम्मती, उपस्कर एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*222. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड की सुगौना उत्तरी पंचायत में मदरसा नजमुल होदा में (10) दसवीं श्रेणी तक की पढ़ाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मदरसा के भवन जर्जर अवस्था में है, जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक नये भवन का निर्माण कराना चाहती है ?

---------

राशि वसूलना

*223. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 19 जनवरी, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''हेराफेरी से बने व्यावसायिक डीएल'' को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 1998 मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार मोटर वाहन चलाने हेतु निजी लाइसेंस बनाने की फीस 70 रुपये एवं व्यावसायिक वाहन के लिए फीस 140 रुपये तय की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परिवहन कार्यालय, पटना सहित दस जिलों में वित्तीय वर्ष 2005-06 से वित्तीय वर्ष 2007-08 तक 16 हजार निजी लाइसेंस की फीस पर व्यावसायिक लाइसेंस निर्गत कर दिये गये, जिससे सरकार को 34,03,470 रुपये का घाटा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी विभागीय पदाधिकारियों को चिह्नित कर उक्त घाटे की राशि वसूलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्यान्वयन कराना

*224. डॉ० अच्युतानंद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 अप्रील, 2010 के अंक में छपी खबर ''पौधा रोपण योजना में बाधा बनी अफसरों की सुस्ती'' के आलोक में क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के अंदर विद्यालयों में मुख्य मंत्री छात्र वृक्षारोपण योजना एवं नेशनल ग्रीन कोर योजना चलायी जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि नेशनल ग्रीन कोर योजना के अधीन 31 मार्च, 2010 तक राज्य के 8871 स्कूलों को शामिल किया गया जबकि लक्ष्य 9500 स्कूल था तथा इनके भी योजना के अन्तर्गत वृक्षारोपण नहीं किया जा सका;

(3) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री छात्र वृक्षारोपण योजना के अधीन राज्य में प्रति वर्ष तीन लाख पौधे लगाने का प्रावधान है, जिसे पिछले वित्तीय वर्ष में पूरा नहीं किया जा सका है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त योजनाओं की सफलता में बाधक अधिकारियों को दंडित करते हुए योजनाओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

* 225. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2010 में शिक्षा अधिकार के अन्तर्गत प्रत्येक 30 बच्चों पर एक शिक्षक नियुक्त करने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलांतर्गत नरकटियागंज प्रखण्ड के रेलवे उच्च विद्यालय में छात्रों की संख्या 960 है जबकि शिक्षकों की संख्या 11 है, उच्च विद्यालय, नरकटियागंज में छात्रों की संख्या 904 है जबकि शिक्षकों की संख्या मात्र 14 है, मंतिसरा कुंअर बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं की संख्या 1170 है जबकि शिक्षकों की संख्या मात्र 12 है, उच्च विद्यालय, केहुनियां में छात्रों की सं० 470 है जबकि शिक्षकों की सं० 9 है तथा उच्च विद्यालय, साठी में छात्रों की संख्या 890 है जबकि शिक्षकों की सं० मात्र 10 है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित उच्च विद्यालयों में छात्रानुपात में शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

परिचालन कराना

* 226. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना से समस्तीपुर, दलसिंहसराय एवं रोसड़ा के लिए एक भी परिवहन निगम की बस नहीं चलती है, जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के लिए परिवहन निगम की बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

नियुक्ति करना

* 227. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है  कि राज्य सरकार ने 2010 में शिक्षा में क्रान्ति लाने हेतु प्रत्येक 40 विद्यार्थी पर एक शिक्षक को नियुक्त करने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा के सलमपुर बुनियादी मध्य विद्यालय में छात्रों की सं० 750 है एवं शिक्षक की संख्या केवल एक है जिससे पठन-पाठन नगण्य एवं बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित सलमपुर बुनियादी मध्य विद्यालय में छात्रानुपात में शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों?

--------

बहाली करना

* 228. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (म०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के सभी माध्यमिक विद्यालय में अबतक पुस्तकालय अध्यक्ष की बहाली नहीं की गई है, यदि हां तो क्या सरकार उक्त जिला के सभी माध्यमिक विद्यालय में पुस्तकालय अध्यक्ष की बहाली कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

विषय बनाना

* 229. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के प्राथमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में रिजनिंग विषय नहीं रहने के कारण वहां के गरीब छात्र नवोदय प्रवेश परीक्षा में असफल हो जाते हैं, क्योंकि नवोदय प्रवेश परीक्षा में रिजनिंग एक विषय है, यदि हां, तो क्या सरकार गरीब छात्रों के चहुंमुखी विकास हेतु प्राथमिक विद्यालयों में रिजनिंग को भी एक विषय बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

उत्क्रमित करना

* 230. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखण्ड में मात्र एक ही राष्ट्रीय उच्च विद्यालय, मुरहनहाट में अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार केन्द्र सरकार के निर्णय के आलोक में !4 वर्ष की आयु तक के सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्य शिक्षा देना चाहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार-कम-से-कम उपर्युक्त प्रखण्ड के तीन मध्य विद्यालयों को छात्र-छात्राओं के कल्याणार्थ उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक?

--------

प्रा० विद्यालय खोलना

* 231. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज कुसौंधी के ग्राम दुदही में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिसके कारण बच्चों एवं बच्चियों को दो से ढ़ाई किलोमीटर दूर प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने हेतु जाना पड़ता है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

मरम्मती कराना

* 232. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उच्च शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार स्थित दर्शन साह महाविद्यालय का छात्रावास का भवन जर्जर हो गया है,जिसके कारण कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

स्टेडियम बनाना

* 233. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अंतर्गत भितहां प्रखण्ड में एक भी स्टेडियम नहीं है, जिससे उक्त क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा निखारने का मौका नहीं मिलता है;

(2) क्या यह बात सही है कि रेड़हा उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्टेडियम बनाने के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

निर्माण कराना

* 234. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में सुसज्जित इण्डोर स्टेडियम के अभाव में इण्डोर खेलों का गतिविधियां मानक आधार पर नहीं होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जिला में एक सुसज्जित इण्डोर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

विद्यालय खोलना

*235. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा० शिक्षा) विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड हथुआ के ग्राम पंचायत राज फुलवरिया के ग्राम तुरक पट्टी में बच्चों के पठन-पाठन हेतु प्राथमिक विद्यालय नहीं है जिसके कारण बच्चे एवं बच्चियों को प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने हेतु तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, यदि नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण कराना

*236. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखण्ड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रूनीसैदपुर प्रखण्ड में अभीतक स्टेडियम का निर्णाम नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण कराना

*237. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के 92 प्रखण्डों में बालिकाओं के लिए छात्रावास खोलने की योजना विभाग में वर्ष 2009 से लंबित है;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रावास नहीं खुलने से मेधावी छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ठाकुरगंज एवं दिघल बैंक प्रखण्डों में छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नियुक्ति करना

*238. श्री मंजीत कुमार सिंह-क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निदेशक जन शिक्षा-सह-अपर सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग के पत्रांक 1536, 13/अनौ० 06/10 द्वारा जिला पदाधिकारी, गोपालगंज को अनौपचारिक शिक्षा पर्यवेक्षकों के लिपिकीय कोटी के रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्ति करने हेतु निर्देश दिये गये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के द्वारा अनौपचारिक शिक्षा पर्यवेक्षकों के लिपिकीय कोटि के रिक्त पदों के विरुद्ध अबतक नियुक्ति नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनौपचारिक शिक्षा पर्यवेक्षकों को लिपिकीय कोटि के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*239. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि है वित्तीय वर्ष 2007-08 में पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत उच्च विद्यालय ढाका को +2 के सुदृढ़ीकरण हेतु 26 लाख रुपये विद्यालय के प्रबंध समिति को सरकारी नियमानुसार दिया जाना था, जिसे उक्त समिति को न देकर उक्त वर्णित राशि सीधे मोतिहारी भवन निर्माण डिवीजन को दे दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालयों के प्रबंध समिति के सुदृढ़ीकरण हेतु न तो विचार-विमर्श ही किया गया है और न ही सलाह ली गई हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित विषय की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

-------

श्रम संसाधन विभाग को स्थानांतरित

विद्यालय खोलना

*240. श्री रणधीर कुमार सोनी--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के गया जिला एवं लखीसराय जिला सहित कुल 24 जिलों में बाल श्रमिक आयोग अधिनियम, 1996 के तहत बाल श्रमिक विद्यालय विगत 8 वर्षों से चलाये जा रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के कुल 38 जिलों में से 24 जिलों में बाल श्रमिक विद्यालय चलाये जा रहे हैं तथा शेष 14 जिलों में बाल श्रमिक विद्यालय नहीं चलाये जाने से वहां के बाल श्रमिक को शिक्षा अध्ययन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 14 जिलों में बाल श्रमिक के हित में बाल श्रमिक विद्यालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्यालय खोलना

*241. डॉ0 इजहार अहमद--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमण्डल बने 19 वर्ष बीत गये लेकिन आजतक बिरौल अनुमण्डल में उप-निबंधन कार्यालय की स्थापना नहीं की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिरौल में उप-निबंधन कार्यालय नहीं रहने से कोशी, कमला बलान के आम लोगों को 30 से 40 कि०मी० की दूरी तय कर बहेरा जाना पड़ता है, जिससे लोगों को कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिरौल अनुमण्डल में उप-निबंधन कार्यालय कब खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

-------

कारगर कदम उठाना

*242. श्री राम बालक सिंह-- स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 जनवरी, 2011 को प्रकाशित शीर्षक'' ''पसंदीदा नम्बर वी०सी० ने खर्चे 30 हजार'' की ओर ध्यान देत हुए, क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (उच्च शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जे०पी० विश्वविद्यालय मे गाड़ियों के पसंदीदा नम्बर हेतु 30 हजार रुपये खर्च किये गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालय के ऑडिट रिपोर्ट में इस खर्च पर आपत्ति उठाई गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस प्रकार के खर्च को रोकने हेतु कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

भवन का निर्माण

*243. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत आदर्श उच्च विद्यालय अतिहर, जनता उच्च विद्यालय, जीबछ घाट, मिथिला उच्च विद्यालय, बलौर, उच्च विद्यालय, नेहरा को सन् 2009 में 10+2 में उत्क्रमित कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों को उत्क्रमण के उपरांत मानक के अनुकूल भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उत्क्रमित उच्च विद्यालयों को 10+2 मानक के अनुरूप भवन निर्माण चहारदीवारी का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

------

कार्रवाई करना

*244. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009, 1 अप्रैल, 2010 से प्रभावी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अधिनियम के धारा 12 के तहत सी०बी०एस०ई० एवं आई०सी०एस०ई० से मान्यता प्राप्त गैर-सरकारी विद्यालयों में वर्ग-1 या नर्सरी कक्षाओं में प्रथम प्रवेश के समय कुल उपलब्ध सीटों का 25 प्रतिशत सीट आरक्षित किया जाना है, जिस पर उस विद्यालय के पोषक क्षेत्र में गरीब छात्र-छात्राओं का नामांकन बगैर कैपिटेशन फीस के लिया जाना है;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य में उक्त मान्यता वाले किसी भी विद्यालयों में उक्त अधिनियम के तहत निःशुल्क नामांकन नहीं हो रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त अधिनियम को लागू कराने तथा दोषी स्कूल प्रबंधकों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

पटना :
दिनांक 1 मार्च, 2011 (ई०) ।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

------

बि०स०मु० (एल०ए०), 122-डी०टी०पी०-450